पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)
———————

राज्यपाल ने राजभवन में परम्परागत खेल प्रतियोगिता–2022 का किया शुभारम्भ

——————

बच्चों के साथ गुब्बारे छोड़कर खेल प्रतियोगिता का हुआ शुभारम्भ

————

टॉस उछाल कर राज्यपाल ने शुरू कराई कबड्डी प्रतियोगिता

——————

लखनऊ: 11 जनवरी, 2022

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज यहां राजभवन में आवासित एवं कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों तथा उनके बच्चों के लिए अत्यन्त आकर्षक परम्परागत खेल प्रतियोगति–2022 का शुभारम्भ किया। उन्होंने इसके आरम्भ के लिए बच्चों के साथ रंग–बिरंगे गुब्बारे छोड़े तथा टॉस उछालकर बालिकाओं की कबड्डी का आगाज कराया। प्रतियोगी बालिकाओं ने भी राज्यपाल जी को प्रतीक कैप पहनाकर समारोह में उनका स्वागत किया। अत्यन्त रोमांचक वातावरण में बालिकाओं और बालकों की अलग–अलग कबड्डी प्रतियोगिता आज सम्पन्न हुई।

बालिकाओं की कबड्डी प्रतियोगिता लक्ष्मीबाई टीम तथा अहिल्याबाई टीम के मध्य सम्पन्न हुई, जिसमें लक्ष्मीबाई टीम विजेता रही। जबकि बालकों की कबड्डी प्रतियोगिता स्टार इलेवन एवं सन इलेवन टीम के मध्य सम्पन्न हुई, जिसमें सन इलेवन टीम विजेता रही। इसी क्रम में आज छोटे बच्चों की लांग जम्प की प्रतियोगिता भी हुई, जिसमें अत्यन्त छोटे–छोटे बच्चों द्वारा भरपूर उत्साह के साथ लम्बी छलांग लगाने के दृश्य आह्लादित करने वाले थे।

ज्ञात हो कि पंद्रह दिन तक चलने वाली पारम्परिक खेलों की इस प्रतियोगिता में कबड्डी, खो–खो, किंग, गेंदताड़ी, गिल्ली डंडा, कंचा–गोली, लंगड़ी, दौड़ 100 मी0,

लट्टू जैसे विविध खेलों का आयोजन किया जायेगा, जिसमें विविध आयुवर्ग के राजभवन के प्रतिभागी प्रतिभाग करेंगे।

इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग के लिए राजभवन के अब तक कुल 490 प्रतिभागियों ने विविध खेलों के लिए नामांकन कराया है, जिसमें 100 महिला तथा 390 पुरूष प्रतिभागी हैं।

आज के इस शुभारम्भ समारोह में राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव श्री महेश कुमार गुप्ता, विशेष सचिव बी0एन0 सिंह सहित राजभवन के अधिकारी, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित थे।

डा0 सीमा गुप्ता/राजभवन (129/12)
सम्पर्क सूत्र 8318116361